फर्द अहकाम

**न्यायालय : विशिष्ठ न्यायाधीश, स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम प्रकरण (सैशन न्यायाधीश) दौसा**

उनवान : सरकार **बनाम** सोनू वगैरहा

किस्म मुकदमा नंबर : सैशन प्रकरण संख्या– 20/2026

सीएनआर नंबर : RJDS010004132026

(FIR NO.516/2025 PS कोतवाली, दौसा U/S 8/20, 8/29 NDPS Act.)

| दिनांक | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज | नंबर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुआ। |
|---|---|---|
| 29.07.2026 | श्री गोपाल लाल शर्मा, विशिष्ट लोक अभियोजक राजस्थान राज्य की ओर से उपस्थित।<br><br>अभियुक्त हितेश वर जमानत असालतन मय विद्वान अधिवक्ता श्री जितेन्द्र गुर्जर उपस्थित।<br><br>अभियुक्त सोनू वर जमानत असालतन मय विद्वान अधिवक्ता श्री विक्रम शर्मा उपस्थित।<br><br>अभियुक्त नरेश वर जमानत उपस्थित नही, जिसकी हाजिरी माफी का आवेदन जरिये विद्वान अधिवक्ता श्री उमेश चंद जोनवाल पेश हुआ जो केवल आज के लिए स्वीकार किया जाता है।<br><br>बहस चार्ज हेतु अवसर चाहा, न्यायहित में अवसर दिया जाता है। परन्तु यह स्पष्ट किया जाता है कि आगामी पेशी पर सभी अभियुक्तगण आवश्यक रूप से न्यायालय में असालतन उपस्थित रहें अन्यथा उनके जमानत मुचलके जप्त सरकार कर उन्हें अभिरक्षा में लेकर प्रकरण में अग्रिम विचारण किया जावेगा।<br><br>पत्रावली वास्ते बहस चार्ज दिनांक 17.08.2026 को पेश हो। | सोनू<br><br>हितेश<br><br>(विक्रम)<br><br>(जितेन्द्र गुर्जर) |